# चतुर्थपत्र

# हिन्दी

समय: तीन घण्टा | पूर्णाङ्क 100

अ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2×20=40)

1. पतंग कविता के रचनाकार का नाम लिखो।
2. हरिवंशराय बच्चन की दो रचनाओं के नाम ?
3. कैमरे में बंद अपाहिज कविता में किसका साक्षात्कार लिया गया है ?
4. 'बाजारुपन' से क्या तात्पर्य है ?

अथवा

पहलवान का गाँव किस महामारी की चपेट में आ गया था ?

5. फिराक गोरखपुरी का मूल नाम क्या है ?
6. प्रातकालीन नभ की तुलना किससे की गई है ?
7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताइये -
   (क) गगन
   (ब) दशानन
   (स) खग
   (द) बाला

8. कागज के पन्ने की तुलना कवि ने किससे की है?

अथवा

निराला कौन से काल के कवि हैं?

9. नमक कहानी में किन दो देशों के विभाजन का दर्द व्यक्त हुआ है?

10. 'मुअनजोदड़ो' का अर्थ क्या है?

11. 'दाँत खट्टे करना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

12. अंबेडकर ने समाज में फैली किस बुराई का विरोध किया?

13. शिरीष का फूल कहानी के लेखक कौन हैं?

अथवा

लेखक ने शिरीष के फूल की तुलना किससे की हैं?

14. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था?

15. लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किस अभिनेता को कहा है?

16. 'जूझ' कहानी का नायक क्या करना चाहता था?

17. तुलसीदास के किन्हीं दो ग्रंथों के नाम लिखो।

18. 'डायरी के पन्ने' की लेखिका का जन्म कब एवं कहाँ हुआ था।

19. किशनदा किस कहानी के पात्र का नाम है।

20. 'बादल' शब्द के दो पर्यायवाची बताइये।

ब. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5×8=40)

21. ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

22. बादलों के आगमन से प्रकृति में होने वाले परिवर्तन को रेखांकित कीजिए।

23. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

आँगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी
हाथों पे झुलाती है उसे गोद-भरी
रह-रह के हवा में जो लोका देती है
गूँज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हँसी

अथवा

कविता एक खेल है बच्चों के बहाने
बाहर भीतर
यह घर, वह घर
सब घर एक कर देने के माने
बच्चा ही जाने।

24. दत्ताराव जी पिता पर दबाब डलवाने के लिए लेखक और उसकी माँ को एक झूठ का सहारा क्यों लेना पड़ा।

25. सिंधु-सभ्यता साधन-संपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आंडम्बर नहीं था। कैसे?

स. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×20=20)

26. अपने मुहल्ले में वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जल भराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए नगरपालिका अधिकारी जयपुर को पत्र लिखिये।

अथवा

अपनी आर्थिक कठिनाइयों का वर्णन करते हुए फीस माफ करने के लिए केन्द्रिय विद्यालय दिल्ली, के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

27. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

(क) आपका प्रिय कवि अथवा लेखक

(ख) स्वच्छ भारत अभियान में आपका योगदान

(ग) भारतीय कृषक की समाज में स्थिति

(घ) यदि मैं प्राचार्य होता

अथवा

# UM-II/4/103B/18

## चतुर्थ पत्र

## हिन्दी

समय: तीन घण्टे पूर्णाङ्क 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

अ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (20×2=40)

1. 'देवसेना का गीत' कविता किस ग्रंथ से लिया गया है?
2. सरोज के विवाह की दो विशेषतायेँ लिखिए।
3. जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखित किन्हीं दो नाटकों के नाम लिखिए।
4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।

   (क) खग (ख) हेम

   (ग) विपिन (घ) नीरवता
5. सूर्यकान्त त्रिपाठी, 'निराला' का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
6. ठग-ठाकुरों से कवि का संकेत किसकी ओर है?

   अथवा

   'गीत' और 'मोती' की सार्थकता किससे जुड़ी है?
7. पाठ्यक्रम में आए बनारस के दो मुहल्लों के नाम लिखिए।
8. 'सत्य' पाठ में कुन्ती नन्दन शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

9. 'पत्थर' और 'चट्टान' शब्द किसके प्रतीक हैं?

अथवा

वसंत आगमन की सूचना कवि को कैसे मिली?

10. राम और भरत में क्या संबंध है?

11. जायसी द्वारा लिखित किन्हीं दो ग्रंथों के नाम लिखिए।

12. अगहन मास की दो विशेषतायें लिखिए।

अथवा

कोयल और भौंरों के कलख का नायिका पर क्या प्रभाव पड़ता है?

13. चार मुख और छः मुख वाले देवता कौन हैं?

14. प्रेमघन का पूरा नाम लिखिए।

अथवा

चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' की किन्हीं दो कहानियों के नाम लिखिए।

15. बालक ने पुरस्कार में क्या मांगा?

16. मिट्टी के ढेलों से किसका चुनाव किया जाता था?

17. ब्यास जी किस क्षेत्र में कार्य करते थे?

18. फणीश्वर नाथ 'रेणु' की किस कहानी पर फिल्म बनी है?

19. भीष्म साहनी के भाई का क्या नाम था?

अथवा

यास्सेर अराफात के लेखक को किस चीज की चाय पिलाई?

20. हाथी ने खेत की रखवाली के लिए क्या घोषणा की?

ब. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5×8=40)

21. भैरो ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई ? टिप्पणी लिखिए।

22. बूढ़े तिरलोक सिंह को पहाड़ पर चढ़ने जैसी नौकरी की बात पर आश्चर्य क्यों हुआ ?

अथवा

"फूल केवल गंध ही नहीं देते, दवा भी करते हैं।" कैसे विस्तार से लिखिए ?

23. 'बनारस' अथवा 'सरोज स्मृति' पाठ का प्रतिपाद्य लिखिए।

24. 'केदार नाथ सिंह' अथवा 'आचार्य रामचन्द्र शुक्ल' का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

25. निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

"बिहार प्रान्त के पश्चिमी क्षेत्र में मुण्डेश्वरी माता का मंदिर है। कैमुर पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा यह मन्दिर स्वयं में शक्तिपीठ की तरह है। भभुआ से 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह मंदिर देश देशान्तर में काफी लोकप्रिय है। इसके चारों तरफ कैमूर के सूखे पहाड़ बेतरतीब ढंग से फैले हुए हैं। मंदिर तक पहुंचने के लिए सीढ़ियाँ बनी हुई हैं। कहीं पर खड़ी चढ़ाई है तो कहीं-कहीं सामान्य। एक मान्यता के अनुसार यहाँ पर लोग पत्थर के टुकड़ों से छोटे घर बनाते है जिससे उन्हें अगले जन्म में घर प्राप्त हो सके।"

(क) भभुआ से मुण्डेश्वरी माता का मंदिर कितनी दू[illegible] पर हैं?

(ख) लोग पत्थर के टुकड़ों से छोटे-छोटे घर क्यों बनाते हैं?

(ग) यह मन्दिर किससे घिरा है?

(घ) मुण्डेश्वरी माता का मंदिर किस प्रान्त में हैं?

स. प्रश्नों के उत्तर दीजिये। (1×20=20)

26. ओरयिन्टल बैंक ऑफ कामर्स के टैगोर गार्डन शाखा के प्रबंधक के नाम उच्च शिक्षा ऋण प्राप्त करने के लिए एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

राजौरी गार्डन क्षेत्र के निगम पार्षद को क्षेत्र में फैली बीमारी का हवाला देते हुए सफाई के लिए एक पत्र लिखिए।

अथवा

किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

(क) साहित्य और समाज

(ख) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(ग) क्रिकेट का एक मैच

(घ) होली : रंगों का त्यौहार